एमजीएम के बच्चों ने जीते 11 पदक

खेल-समाचार

अलवर| ताइक्वांडो फैडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से तीसरी अलवर डिस्ट्रिक ताइक्वांडो चैंपियनशिप में एमजीएम स्कूल के बच्चों ने कई पदक जीते। प्रिंसिपल नमिता शर्मा ने बताया कि सब जूनियर वर्ग में स्कूल के अन्नत सैनी ने गोल्ड, रोनक सैनी ने सिल्वर, विशाल अदलक्खा ने सिल्वर, महेंद्र सैनी ने कांस्य, देवांश वर्मा ने कांस्य और रिद्धि ढींगरा ने कांस्य पदक जीते। द लॉयन्स मार्शल आर्ट क्लब के देवांशु वराणडिया ने कांस्य पदक जीता। कैडेट वर्ग में पूमसे में कृष्णा शर्मा ने गोल्ड मेडल, जूनियर वर्ग में राहुल सैनी ने सिल्वर मेडल, सीनियर वर्ग में निखिल वर्मा ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया। प्रिंसिपल ने सभी बच्चों का स्वागत किया।

ताइक्वांडो में मैडल जीतकर आए एमजीएम स्कूल के बच्चे।

युवराज को मिला गोल्ड मेडल

महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय नयाबास के छात्र युवराज सैनी ने ओपन जिला ताइक्वांडो प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त किया है। प्रिंसिपल पुष्पा कुंदनानी ने बताया कि युवराज का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए भी हुआ है। उन्होंने बताया कि स्कूल के छात्र संदीप कुमार व संजीव कुमार का चयन भी राज्य स्तरीय मार्शल आर्ट में हुआ है।

युवराज का स्वागत करते हुए।